By Speed Post

सत्यमेव जयते

No. Tour Report/02/Rajasthan/Member(HKD)/2018-RU-II
Government of India
National Commission for Scheduled Tribes
*******

6th floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Date:-23.05.2018

To

The Principal Secretary,
Tribal Area Development Department,
Government of Rajasthan
Secretariat, Jaipur,
Rajasthan.

Sub:-Tour Report of Shri H.K. Damor, Hon'ble Member, NCST from 22.02.2018 to 04.03.2018 visited to District-Udaipur and District-Sirohi, Rajasthan regarding inspection of Residential Hostels/Residential Schools and Anganwari Centers and educational, social and economical development & welfare for tribal students.

Sir,

I am directed to enclose herewith a copy of Tour Report of Shri H.K. Damor, Hon'ble Member, National Commission for Scheduled Tribes from 22.02.2018 to 04.03.2018 visited to District-Udaipur and District-Sirohi, Rajasthan on the above mentioned subject.

2. It is, therefore, requested to furnish the requisite information/Action Taken Report to this Commission on the above said Tour Report.

Yours faithfully,

Encl: As above

(S.P. Meena)
Assistant Director
Tel: 24657271

Copy to:-

1. The District Collector, District- Udaipur-313001, Rajasthan..
2. The District Collector, District-Sirohi, Rajasthan.
3. SAS, NIC, for uploading on the website of the Commission.

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
# कार्यालय सदस्य श्री एच.के.डामोर

श्री हरिकृष्ण डामोर, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 22.02.2018 से 04.03.2018 तक राजस्थान राज्य के उदयपुर एवं सिरोही जिलों की राजकीय प्रवास रिपोर्ट।

दौरा रिपोर्टः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **दौरा करने वाले पदाधिकारी का नाम** | श्री एच.के.डामोर, सदस्य<br>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग |
| 2. | **दौरे की तिथि (दिन/माह/वर्ष)** | 22.02.2018 से 04.03.2018 |
| 3. | **दौरा किये गये स्थान का विवरण** | जिला उदयपुर एवं सिरोही |
| 4. | **मुलाकात/बैठक मुख्य व्यक्ति/अधिकारी गण/संगठनों से मिले** | 1. संभागीय आयुक्त एवम् पदेन जनजाति आयुक्त, उदयपुर, जिला कलक्टर –उदयपुर, उपखंड अधिकारी –कोटड़ा, आदिवासी विकास मंच–कोटड़ा के पदाधिकारीगण अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधि/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राऐं,<br>2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् सिरोही, अतिरिक्त जिला कलक्टर –सिरोही, अतिरिक्त पुलिस अधिकारी–सिरोही एवम् अन्य जिला स्तरीय अधिकारी |
| 5. | **दौरा के मुख्य बिन्दुः (भ्रमण के दौरान चर्चा किए गए प्रमुख मुद्दे)** | यात्रा प्रवास का तिथीवार विवरण निम्नवत है। |

दिनांक– **22.02.2018**

दिनांक–22.02.02.2018 को वायुमार्ग द्वारा दिल्ली से उदयपुर आगमन तथा रात्रि विश्राम, उदयपुर।

हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

**<u>दिनांक–23.02.2018</u>**

प्रातः 9:00 बजे सड़क मार्ग द्वारा कोटड़ा में आयोजित 'मिलन मेला' में सहभागिता के लिए रवानगी।

मार्ग में मालवा का चौराहा स्थित अनुसूचित जनजाति आश्रम छात्रावास का अवलोकन किया गया। यह जनजाति आश्रम छात्रावास जनजाति क्षैत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित है तथा कोटड़ा पचांयत समिति के अन्तर्गत आता है। अवलोकन के समय 95 मे से 73 छात्र ही उपस्थित थे। निरीक्षण के समय निम्न तथ्य दृष्टिगोचर हुए।

1. छात्रावास में सप्लायर द्वारा समय पर भोजन सामग्री की आपूर्ति नहीं की जा रही है।
2. छात्रावास का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिसके तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है।
3. छात्रावास में नकारा एवं अनुपयोगी सामग्री से कुछ कमरे भरे हुए है, जिनके तत्काल नियमानुसार निपटान की आवश्यकता है।
4. छात्रावास में छात्रों को नियमित रूप से कोंचिग प्रदान नहीं की जा रही है।
5. अंग्रेजी विषय की कोचिंग प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों से करवाई जा रही है।
6. छात्रावास में रह रहे छात्रों का सामान्य ज्ञान व अन्य विषयों के ज्ञान निम्न स्तर का है। गणित व अंग्रेजी विषयों में छात्र काफी कमजोर हैं।

छात्रावास के छात्र सीनियर सैकण्डरी विद्यालय, मालवा का चौराहा, कोटड़ा में अध्ययनरत है। प्रधानाचार्य श्रीमती सुधारानी 'वाकपीठ' में भाग लेने हेतु उदयपुर गई थी। परन्तु विद्यालय के मूवमेन्ट रजिस्टर में दिनांक 01.02.2018 के उपरान्त कोई भी इन्द्राज नहीं मिला। विद्यालय में इतिहास व्याख्याता का पद दिनांक–09.02.2018 से एवं अंग्रेजी विषय का विगत 4 वर्ष से रिक्त है।

द्वितीय श्रेणी अध्यापक के पदो में भी संस्कृत विषय का पद वर्ष 2015 से रिक्त है। अध्यापक लेवल–II के स्वीकृत 4 पदों में से 2 पद वर्ष 2016 से रिक्त है। लेवल–I के 4 स्वीकृत पदों में से एक पद रिक्त चल रहा है।

राज्य सरकार को उक्त पदों को तत्काल भरने की कार्यवाही की जाना चाहिये तथा नये विषयों के पाठ्यक्रमों का प्रारम्भ भी करना चाहिये। यदि नियमित अध्यापकों की उपलब्धतां नहीं हो तो गेस्ट फैकल्टी तथा सेवानिवृत्त अध्यापकों की सेवाऐं तत्काल प्रदान करवानी चाहिये। जिससे जनजातिय छात्रों की पढ़ाई का हर्जा नहीं हो।

**(अनुवृर्ती कार्यवाही–राज्य सरकार द्वारा)**

हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishn...
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

विद्यालय की कक्षा X एवं XII में उपस्थित छात्रों से संवाद स्थापित कर अध्ययन के स्तर तथा समस्याओं की जानकारी प्राप्त करी गई। छात्रों को संविधान के अनुच्छेद 338 ए के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का संक्षिप्त परिचय देने के साथ ही आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मनोवैज्ञानिक सुझाव भी प्रदान किये गये।



मार्ग में ही स्थित जनजाति बालिका छात्रावास, बेकरिया का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि:–

1. छात्रावास का भवन नया बनाया गया है। भवन काफी अच्छा बना हुआ है
2. छात्रावास की सुरक्षा के लिए अधूरी दीवार को तत्काल पूर्ण कराने की आवश्यकता है।
3. खेल मैदान तथा खेल सामग्री की कमी है इसकी व्यवस्था की जाना चाहिए।
4. आवामन हेतु मुख्य सड़क से छात्रावास भवन तक पक्के सड़क मार्ग व सड़क लाईट की आवश्यकता है। अभी रास्ता कच्चा है।
5. छात्रावास में 46 से 33 बालिकाऐं उपस्थित थी।
6. बालिका छात्रावास का चौकीदार पुरूष है जो लड़कियों के कमरों के पास ही कमरे में रहता है। यह उचित नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से चौकीदार आवश्यक है परन्तु उसको चौकीदार हेतु बने आवास में रहना चाहिये।

## ग्राम सभा– पीपला

ग्राम पीपला पहुँचने पर जनजातीय प्रतिनिधियों एवं ग्राम वासियो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए उनको भारतीय संविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं विशेष प्रावधानों की जानकारी प्रदान की तथा उनको जागरूक रहकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्सहित किया

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

गया। योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में संविधान के अनुच्छेद 338ए के तहत गठित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से किस प्रकार सहायता प्राप्त की जा सकती है, इस प्रक्रिया से ग्राम वासियों को अवगत कराया। आयोग के गठन, उसके कार्यो एवं शक्तियों से भी परिचय करवाया।

कोटड़ा पहुँचने पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत उपरान्त आवसीय विद्यालय–कोटड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निम्न कमियाँ पाई गई।

1. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा विद्यालय में समय पर रसद सामग्री की आपूर्ति नहीं की जा रही है।
2. विद्यालय में स्वीकृत अध्यापकों के 28 में से केवल 12 पद भरे है तथा 16 पद लम्बे समय से रिक्त है। यह स्थिति जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में अत्यन्त ही दयनीय है। अध्यापकों के पदों को शीघ्रतिशीघ्र भरा जाना आवश्यक है।
3. भवन की मरम्मत करवाये जाने की आवश्यकता है।
4. समस्त छात्रों को एकत्रित कर आने वाली परीक्षा के लिए अच्छी मेहनत करने और भविष्य में अच्छा कर गुजरने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के बारे में भी उनकी जानकारी दी गई।

## जनजातिय बालिका आश्रम छात्रावास–कोटड़ा

निरीक्षण के दौरान बालिकाओं द्वारा निम्न समस्याओं से अवगत कराया।

1. छात्रावास में नियमित कोंचिग की आवश्यकता है।
2. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा समय पर छात्रावास में आवश्यक भोजन सामग्री की आपूर्ति नहीं की जा रही है।
3. सफाई की यथोचित व्यवस्था नहीं है।
4. भवन में सुरक्षा के उचित बदोंबस्त हेतु दीवार को ऊँची करवाने तथा भवन के बाहरी परिसर में सोलर लाईट लगवानी चाहिये।

छात्रावास निरीक्षण उपरान्त मिलन–मेला 2018 कोटड़ा में उपस्थित सम्भागीय आयुक्त एवं पदेन जनजाति आयुक्त उदयपुर, जिला कलक्टर–उदयपुर, उपखण्ड अधिकारी–कोटड़ा, अन्य पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से जनजातिय समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर, उनके निस्तारण हेतु सुझाव भी दियें।

यदि राज्य सरकार दूरस्थ स्थित विद्यालयों में पदों को रिक्त नहीं रखें, आदिवासी क्षैत्रों में ही सभी सुविधाऐं उपलब्ध करवा दें, तो आदिवासी क्षैत्रो से अध्ययन एवं रोजगार हेतु प्रवासन

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

(Migration) की दर को कम किया जा सकता है। जिससे शहरों पर जनसख्ंया का दवाब भी कम होगा तथा जनजाति वर्ग के लोगों के साथ होने वाले अत्याचार प्रकरणों में भी कमी आयेगी। इसके लिए_विकास योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की आवश्यकता है।

(अनुवृति कार्यवाही राज्य सरकार)

आदिवासी विकास मंच, कोटड़ा द्वारा आयोजित 'मिलन मेला–2018' में सहभागिता हेतु सायं 5:00 बजे मेला स्थल के लिए प्रस्थान किया गया। मेला स्थल पर पहुँचने पर आदिवासी विकास मंच के पदाधिकारियों एवं उपस्थित जनजातिय समुदाय के लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

स्वागत उपरान्त आदिवासी विकास मंच द्वारा आयोजित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। रात्रि में आयोजित सांस्कृतिक एवं मुख्य कार्यक्रम में भी सहभागिता की गई। कार्यक्रम में लगभग 5 हजार जनजातिय लोंगो द्वारा सहभागिता की गई। आदिवासी विकास मंच, कोटड़ा द्वारा प्रस्तुत **'एक रपट–2017–18'** अनुलग्नक–2 पर सलंग्न है। मिलन मेला में अनौपचारिक विचार–विमर्श के दौरान उभरे मुख्य बिन्दु अनुलग्नक–3 पर संलग्न है। उपखण्ड अधिकारी–कोटड़ा द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट अनुलग्नक–4 पर संलग्न है।

मेले में उपस्थित स्थानीय विद्यायक एवम् अन्य प्रतिनिधियों ने कोटड़ा एवम् उसके आस पास के क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। माननीय सदस्य ने सभा को सम्बोधित करते हुए उनकी समस्यों को शीघ्र समाधान कराने का प्रयास करने का आश्वासन दिया और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यों के बारे में अवगत कराया।

अनौपचारिक विमर्श के दौरान ग्राम सभाओं के अनुभव, प्रक्रियाओं को समझने, पैसा एक्ट (अधिनियम) के लागू होने के 20 वर्ष उपरान्त उपलब्धी समीक्षा तथा वन अधिकार अधिनियम के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कोटड़ा उपखण्ड की प्रगति रिपोर्ट पर भी समीक्षा की गई। कोटड़ा उपखण्ड में वनाधिकार की प्रगति रिपोर्ट अंनुलग्न–5 पर संलग्न है।

मेले के दौरान प्राप्त अभ्यावेदन एवं स्थानीय समस्याओं से जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। आदिवासी विकास मंच द्वारा समस्याओं के संदर्भ में प्रस्तुत ज्ञापन अनुलग्नक–7 पर संलग्न है।

(अनुवृति कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा)

रात्रि–12 बजे सड़क मार्ग द्वारा उदयपुर आगमन कर रात्रि विश्राम किया।

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

**दिनांक–25.02.2018**

भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण संस्थान, पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र, उदयपुर द्वारा आयोजित विभिन्न कला प्रतियोगिताओं एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की तथा कार्यक्रम के सहभागी भील समुदाय के कलाकारों को सम्बोधित कर प्रेरित किया। रात्री विश्राम–उदयपुर।

**दिनांक–26.02.2018**

प्रातः 9:00 बजे सड़क मार्ग द्वारा जिला– सिरोही के लिए प्रस्थान किया। मार्ग में माड़ा छात्रावास, मोरस का निरीक्षण किया गया। राजकीय आश्रम छात्रावास, मोरस, जिला–सिरोही के अधीक्षक श्री रणजीत सिंह राठौड़ ने अवगत कराया कि छात्रावास में 140 छात्रों की सख्या स्वीकृत है। जिसमें से 122 छात्र उपस्थित मिले। वर्ष 2016–17 में XII कक्षा का परीक्षा परिणाम–83% तथा कक्षा X का परिणाम 71.4% रहा। राजकीय आश्रम छात्रावास, मोरस, पिण्डवाड़ा, जिला–सिरोही की प्रगति रिपोर्ट अनुलग्नक–8 पर संलग्न है।

**आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय–घरट**

मार्ग आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय–घरट का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में प्रधानाचार्य तथा व्याख्याता के पद भरे हुऐ है परन्तु विज्ञान विषय के वरिष्ठ अध्यापक का पद रिक्त है। तृतीय श्रेणी अध्यापक के 8 पद स्वीकृत है, जिसमें से एक पद रिक्त है। विद्यालय का वर्ष 2016–17 में परीक्षा परिणाम निम्नवत रहा।

1. कक्षा–XII- 100%
2. कक्षा -X- 33%

कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए, प्रधनचार्य को परीक्षा परिणाम में अपेक्षित प्रगति हेतु कड़ी मेहनत हेतु सुझाव दिया गया। यदि छात्र उपस्थिति के संदर्भ में गम्भीर नही तो परिजनों को सम्पर्क कर सुधार हेतु सहयोग की अपेक्षा की जा सकती है। स्कूल परिसर में सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। टायलेट बने हुए है परन्तु पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है। पीने के पानी की भी व्यवस्था सुधारने की जरूरत है।

छात्रों के गणित एवं अंग्रेजी विषय में स्तर को सुधारने हेतु अतिरिक्त कक्षाओं को लगाकर तथा विगत वर्षों के पेपरों का अभ्यास करवाया जाना चाहिये। छात्रों ने मध्यान्ह भोजन के प्रति असन्तोष व्यक्त किया। जिसकी गुणवत्ता सुधार तथा ताजा एवं गर्म बनाकर उपलब्ध कराने का

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

सुझाव दिया गया। आदर्श राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल–घरट के नामांकन का विवरण अनुलग्नक–9 पर सलंग्न है।

**आश्रम छात्रावास–सरूपगंज**

आश्रम छात्रावास (माड़ा)– सरूपगंज के निरीक्षण के समय छात्रावास अधीक्षक श्री मोवनाराम गरासिया ने अवगत कराया कि छात्रावास में कुल 50 छात्र नांमाकित है। जिसमें 30 छात्र उपस्थित मिले। छात्रावास का परीक्षा परिणाम वर्ष 2016–17 में निम्नवत रहा।

| कक्षा | श्रेणी | | | योग | % |
|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | | |
| XII | 3 | 5 | – | 8 = | 100% |
| X | – | 1 | – | 1 = | 50% |



बोर्ड का परीक्षा परिणाम संतोषजनक कहा जा सकता है।

छात्रावास की समस्याओं के क्रम में बताया कि आवास एवं सफाई व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु अतिरिक्त कोंचिग की आवश्यकता है। राजकीय आश्रम छात्रावास–सरूपगंज की प्रगति रिपोर्ट अनुलग्नक–10 पर सलंग्न है।

NCCF से खाद्य सामग्री की आपूर्ति नहीं होने के कारण दिनांक–01.09.2017 से राशन सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। जिला परिषद् से स्वीकृति प्राप्त कर स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। जिसमें तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है।

**(अनुवृत्ति कार्यवाही जनजाति क्षैत्रीय विकास विभाग)**

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

**कार्यालय ग्राम पंचायत–चण्डेला**

दिनांक–26.02.2018 को कार्यालय ग्राम पंचायत चण्डेला, पंचायत समिति–आबूरोड़, जिला–सिरोही में जनजातिय प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक कार्मिकों से बैठक की गई।

चण्डेला पहुँचने पर सरपंच, सहायक सचिव, पंचायत सहायक एवं जनसमुदाय ने स्वागत किया। बैठक में सरपंच द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट अनुलग्नक– 10 पर संलग्न है। ग्राम पंचायत में दो गाँव (1.) चण्डेला एवं (2.) आम्बाबेरी सम्मिलित है। चण्डेला की जनसख्या–3975 एवं आम्बाबेरी की 651 ग्राम पचांयत की कुल जनंसख्या –4641 है। ग्राम पंचायत में 2 राशन की दुकान है। मंनरेगा के तहत कुल 940 जॉब कार्ड धारीं है। गांव में कुल 292 पेंशनर है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2016–17 में कुल 33 आवास स्वीकृत हुए, जिसमें से 30 आवास ही पूर्ण है। आम्बाबेरी गाँव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 2 आवासों का निरीक्षण किया गया, जिन पर प्लास्टर करना नहीं पाया गया। जिस पर सरपंच द्वारा अंतिम किस्त का भुगतान नहीं होना बताया गया।

वर्ष 2017–18 में 130 आवास स्वीकृत किये गये है। जिसमें से 120 को द्वितीय किस्त प्राप्त हो गई है। 40 आवास पूर्ण हो गये है। ग्राम पचांयत में 150 परिवारों को उज्जवला योजना में लाभान्वित किया गया है। लाभार्थियों की गैस कनेक्शन डायरी एवं रांशन कार्ड में आपूर्ति का भी अवलोकन किया गया।

आम्बाबेरी ग्राम में श्रीमती झमू पत्नी श्री बाबू गरासिया को स्वच्छ भारत अभियान के तहत अनुदानित शौचालय निर्मित पाया गया परन्तु शौंचालय का उपयोग नहीं होने के कारण घास एवं कचरा भरा हुआ मिला। सरपंच को स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का सुझाव दिया गया। भारत सरकार व राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए जनता को अधिक जागरूक करने का सुझाव दिया स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया, ANM के अवकाश पर होने के कारण ताला बन्द मिला।

बैठक में सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी लेने के उपरान्त संविधान के अनुच्छेद 338ए के तहत गठित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्य, शक्तियों एवं कार्य प्रणालियों से जन समुदाय को अवगत कराया गया।

**जनजाति आश्रम छात्रावास–गिरवर**

छात्रावास के निरीक्षण के दौरान अधीक्षक श्री रघुनाथ सिंह ने अवगत कराया कि छात्रावास में कुल 130 छात्र है, जिसमें से 89 ही उपस्थित मिले तथा 41 छात्रों का होली पर घर जाना बताया गया।

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi



कक्षा VI, VII, VIII, IX, XI एवं XII के छात्रों से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कक्षा X के विज्ञान विषय की कोंचिग का अध्यापन कार्य देखा गया। वार्ता में छात्रों का शैक्षिक स्तर निम्न पाया। जिसके लिए अधीक्षक को छात्रों के नियमित अध्ययन, नियमित कोंचिग की व्यवस्था तथा छात्रों को कोई भी विषय वस्तु समझ नहीं आये तो बार –बार अध्यापक से पूछने में झीझके नहीं का सुझाव दिया।

## कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय–गिरवर

छात्रावास के निरीक्षण के समय अधीक्षिका श्रीमती ममता ने बताया कि छात्रावास में कुल 107 छात्राऐं है, उसमें से 95 उपस्थित तथा 12 अनुपस्थित मिली। सभी छात्राओं से छात्रावास की सुविधाओं के सदंर्भ में सामूहिक चर्चा की गई।

चर्चा में अवगत हुआ कि छात्रावास की आवास एवं सफाई व्यवस्था संतोषजनक है परन्तु 20–26 छात्राऐं एक बड़े हॉल में एक साथ रहती है। छात्रावास में खाने की गुणवत्ता भी ठीक है। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में मात्र 2 शिक्षक एवं एक वार्डन है, जिन्हें बाह्य मानव संसाधन एजेन्सी के माध्यम से नियुक्त करवाया गया है। विद्यालय में अध्ययन सुविधा उत्तम नहीं होने पर भी विशेष प्रयासों के कारण छात्राओं का स्तर संतोषजनक पाया गया। छात्राओं का सामान्य ज्ञान का स्तर भी संतोषजनक था।

## राजकीय जनजाति आश्रम छात्रावास–मानपुर

छात्रावास के निरीक्षण के समय वार्डन श्रीमती हेमलता चौधरी ने बताया कि छात्रावास में कुल 148 छात्राऐं प्रवेशित है, उसमें से 145 छात्राऐं उपस्थित मिली।

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi



सभी छात्राओं से छात्रावास की सुविधाओं के बारे में सामूहिक चर्चा की गई। आवास एवं सफाई व्यवस्था उपयुक्त मिली। सुरक्षा की दृष्टि से भी भवन सही था। भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता उचित मिली। छात्रावास में श्री हरिसिंह कविया द्वारा ली जा रही विज्ञान विषय की कोंचिग में अध्यापन कार्य को देखा। छात्रावास की सभी छात्राओं का शैक्षिक स्तर औसत से निम्न पाया गया। छात्राओं को शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि कर कॉलेज स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने हेतु सुझाव दिया गया।

**रात्रि विश्राम– सर्किट हाऊस–माउण्ट आबू किया गया।**

**दिनांक– 27.02.2018**

माउण्ट आबू स्थिति सर्किट हाऊस से रवाना होकर राजकीय जनजाति आवसीय छात्रावास दानवाव व एकलव्य मॉडल रेजीडेंशियल स्कूल दानवाव (आबूरोड़) का निरीक्षण किया गया। छात्रावास अधीक्षक श्री अर्जुनसिंह उपस्थित मिले। छात्रों से बातचित करने पर बताया कि सभी छात्रों के अपने बैंक खाते में छात्रवृति की राशि 2600रू प्रत्येक छात्र की दर से जमा हो चुके हैं। कुल 378 छात्रों में से 316 छात्र उपस्थित होना बताया गया। शेष छात्र होली का त्यौहार नजदीक होने से अपने गाँव चले गये है। छात्रावास के छात्रों का परीक्षा परिणाम ठीक है परन्तु उसमें गुणात्मक वृद्धि करने का और बच्चों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर कोचिंग कक्षाओं में उपस्थित रहने का सुझाव दिया। छात्रों से वार्ता कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के क्रिया कलापों की जानकारी दी और उनको कड़ी मेहनत कर अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाने की आवश्यक है।

**एकलव्य माडॅल रेजीडेंशियल स्कूल दानवावः–** एकलव्य माडॅल रेजीडेंशियल स्कूल दानवाव में जाकर अलग–अलग कक्षाओं के बच्चों से बातचित की। बच्चों का शिक्षा का स्तर अन्य राजकीय विद्यालयों के छात्रों से तो ठीक हैं परन्तु अध्यापकों को और अधिक प्रयास कर गुणवत्ता में सुधार

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

का प्रयास किया जाना चाहिए। क्योंकि यहाँ चयनित बच्चों को ही प्रवेश दिया जाता है। इस स्कूल में काफी दूर के जिले बांसवाड़ा, डूंगरपूर, उदयपुर के बच्चे भी पढ़ रहें हैं। स्कूल भवन की कहीं—कहीं मरम्मत की आवश्यकता है। एक दरवाजा भी टूटा हुआ है। उसको शीघ्र ठीक कराना आवश्यक है।

**आंगनवाड़ी केन्द्र आमथलाः—** केन्द्र का भवन अच्छा बना हुआ है। कुल 22 नांमाकित बच्चों में 19 उपस्थित मिले। बच्चे साफ कपड़े पहने थे और कविता बुलवाई गई। बच्चों को स्कूलपूर्व की शिक्षा दी जा रही है। केन्द्र पर 11 गर्भवती महिलाओं, 8 धात्री महिलाओं व 2 किशोरी बालिकाओं के नाम दर्ज है परन्तु उनके टीकाकरण का रजिस्टर अधूरा है। रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित करने को कहा गया। कुपोषित बच्चों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई। केन्द्र के पास अलग से कोई खेल का स्थान नहीं है। दरवाजे के पास ही गंदी नाली व सड़क है। आंगनवाड़ी केन्द्र के आस पास सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। समस्त रिकॉर्ड समय पर संधारित कर पूर्ण रखे जावे।

**जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास ओर (आबूरोड़)ः—**

वार्डन श्रीमती बादली उपस्थित मिली। यह छात्रावास 31.07.2016 को ही चालू हुआ है। भवन नया बना है परन्तु उसकी दिवारों में कई जगह बड़ी—बड़ी दरारें पड़ी हुई हैं। प्लास्टर भी कई जगह से टूट रहा है। फर्श भी एकदम समतल नहीं होने से कई जगह पानी इकट्ठा हो रहा है। कुछ शौचालयों / स्नानघरों में भी पानी भरा रहता है। अतः सम्बधित विभाग को शीघ्र लिखा जाकर ठीक कराने की नितान्त आवश्यकता है।



छात्रावास में कुल 125 छात्राओं में 115 छात्राऐं उपस्थित होना बताया गया। परीक्षा परिणाम संतोषजनक पाया गया परन्तु उसमें गुणात्मक सुधार करने की आवश्यकता है। छात्राओं से वार्ताकर उनको कठीन मेहनत कर अपना भविष्य उज्वल बनाने एवम् जीवन सफल बनाने हेतु प्रेरित किया।


**आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र ओरः—** कुल 30 नांमाकिंत बच्चों में से मात्र 17 बच्चे उपस्थित मिले। केन्द्र पर 8 गर्भवती महिलाओं एवम् 8 धात्री महिलाओं के नाम दर्ज है। परन्तु टीकाकरण के बारे में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। अन्य आवश्यक रजिस्टर भी अधूरे हैं। कुपोषित बच्चे नहीं होना

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi

बताया गया परन्तु इसका प्रमाण कोई नहीं था। कार्यकर्त्ता को समय पर रिकॉर्ड पूर्ण कर ठीक तरह से संधारित करने व सफाई व्यवस्था ठीक हेतु सुझाव दिये गये।

## जिला परिषद् के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

दिनांक 27.02.2018 को दोपहर 3:00 बजे जिला परिषद् सभागार सिरोही में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए चल रहे विकास कार्यक्रमों एवं उनकी विभिन्न समस्याओं और उनके लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा जनजाति समस्याओं की जानकारी ली। सिरोही जिले में अनुसूचित जनजातियों में सिलीकोसिस व टी.बी. की बीमारी की समस्या ज्यादा है। इसके चलते विगत कुछ वर्षों में काफी लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इसके समाधान के लिए राज्य सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जो प्रयास किये जा रहे है वह काफी नहीं हैं। अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों का शीघ्र अनुंसधान पूर्ण कर सक्षम न्यायालयों में चालान पेश कर अच्छी पैरवी करने की आवश्यकता है। अनुसूचित जनजातियों को समय पर मुआवजा भी दिया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिले में चल रहे विभिन्न छात्रावासों/आवसीय विद्यालयों की कुल क्षमता 1550 हैं जबकि इस वर्ष 1488 छात्र/छात्राओं को ही प्रवेश दिया गया है। अगले सत्र में कुल क्षमता के अनुरूप छात्र/छात्राओं को प्रवेश सुनिश्चित किया जाना चाहिये। जिससे अधिकतम छात्र/छात्राओं को इसका लाभ मिले सके। दो छात्रावास अधीक्षकों के पास अतिरिक्त कार्य भार है। खाली पदों को शीघ्र भरा जाने की आवश्यकता है। आबूरोड़ पंचायत समिति के 15 दावे उपखंड स्तर लंबित बताये गये हैं उनका नियमानुसार शीघ्र निपटारा किया जाना आवश्यक है। जिले में अब तक 3139 पट्टे वितरित होना बताया गया है। जबकि उपखंड स्तरीय समिति द्वारा 279 प्रकरणों व जिला स्तरीय समिति द्वारा 142 प्रकरणों को निरस्त कर दिया गया हैं।



हरि कृष्ण डामोर/Hari Krishna Damor
सदस्य/Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

माडा योजनान्तर्गत संचालित आश्रम छात्रावासों में 2016–17 का परीक्षा परिणाम ठीक लगता है परन्तु इसकी गुणवत्ता में सुधार करने की नितांत आवश्यकता है। सभी अधिकारियों को अनुसूचित जनजातियों के प्रति अति संवेदनशील रहकर सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभ पहुँचाकर उनको आर्थिक दृष्टि से ऊपर उठाने की तथा जागरूकता पैदा करने की हिदायत के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

**दिनांक –28.02.2018**

राजस्थान राज्य युवा बोर्ड की ओर से नगर निगम उदयपुर के सुखाड़ियां रंगमंच में आयोजित अनुसूचित जनजाति के युवा कलाकरों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

**दिनांक 04.03.2018**

सायं 6:15 बजे रेल मार्ग द्वारा रवाना होकर 05.03.2018 को प्रातः 07:15 दिल्ली पहुँचे।

-X-X-X-X-X-X-X-X-X-

हरि कृष्ण डामोर / Hari Krishna Damor
सदस्य / Member
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार / Govt. of India
नई दिल्ली / New Delhi